# राम के भजन बिना लग है ना पार भजन लिरिक्स

राम के भजन बिना लग है ना पार,
ऐ मनुआ प्यारे श्री राम को सुमर ले।bd।

---

जोड़ी माया कोडी कोड़ी,
धन दौलत से भर लओ तिजोरी,
बड़े बड़े महल करे रे तैयार,
ऐ मनुआ प्यारे श्री राम को सुमर ले।bd।

---

जेके लाने फिरत दीवाना,
साथ न तेरे कुछ भी जाना,
झूठे नाते सब झूठो संसार,
ऐ मनुआ प्यारे श्री राम को सुमर ले।bd।

---

चौरासी से भटक के आओ,
फिर भी राम नाम न गाओ,
बीबी और बच्चों का पाकर के प्यार,
ऐ मनुआ प्यारे श्री राम को सुमर ले।bd।

---

हरि से नेह लगाले प्यारे,
वे ही भव से तारन हारे,
"स्नेही" बनके ले जीवन सुधार,
ऐ मनुआ प्यारे श्री राम को सुमर ले।bd।

---

राम के भजन बिना लग है ना पार,
ऐ मनुआ प्यारे श्री राम को सुमर ले।bd।

लेखक / गायक / प्रेषक –
श्री नारायण सिंह लोधी "स्नेही"
इंद्राणा मझोली (जबलपुर)
मोबाइल नंबर- 9893838473

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com